कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत, नालंदा
(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, बिहार)

गोनावॉ रोड, हरनौत, नालंदा 803110

पत्रांक सं० 261 दिनांक 09.10.2024

21.09.2024 को आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाहीः

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र, नालंदा में 21 सितम्बर, 2024 को डा. आर. के. सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में की गई थी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा. अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, अटारी, पटना एवं डा. रणधीर कुमार, सह–अधिष्ठाता–सह प्राचार्य, नालन्दा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय उपस्थित थे। बैठक में डा. सीमा कुमारी, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, श्री अविनाश कुमार, उपपरियोजना निदेशक; आत्मा, नालन्दा, श्री अमृत कुमार वर्णवाल, डी.डी.एम. नाबार्ड, नालन्दा, श्री कुमार सुबोध सिंह, सहायक अभियंत्रण, सिविल, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना, श्री शंभु कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, नालंदा, श्री पंकज कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी नालन्दा, श्री राकेश कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी, नालंदा, श्री संजय प्रसाद पासवान, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, नालंदा, श्री रमेश कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, नालंदा, श्री जितेन्द्र कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, नालंदा, श्री राजीव वर्मा, निदेशक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नूरसराय नालंदा, श्री जितेन्द्र कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, एम.डी.एम., नालंदा, श्री संतोष कुमार, बी.आर.पी., एम.डी.एम. नालंदा, श्रीमति रेणु कुमारी, प्रतिनिधि बाल विकास परियोजना हरनौत, नालन्दा,, प्रगतिशील किसान, रामनमुना सिंह, श्री विरेश कुमार, श्री आशुतोष कुमार सिन्हा,, श्रीमति गीता देवी, श्रीमति मृदुला कुमारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के गृह विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, मृदा विज्ञान, उद्यान एवं पादप रोग विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं सभी सहकर्मीयों ने भाग लिया।

डा. सीमा कुमारी, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने अतिथियों का स्वागत किया और पिछली बैठक की अनुशंसा और उसका अनुपालन के साथ–साथ कृषि विज्ञान केन्द्र का प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी कार्य–योजना प्रस्तुत की।

कम सं.	अनुशंसा	अनुपालन
1	CFLD,CRA,FLD,NICRA,OFT के अंतर्गत लाभान्वित किसानों के खेत की मिट्टी नमूना की जांच करने की सलाह दी गई। Micronutrient जांच के लिए नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय, नालंदा से संपर्क करने की सलाह दी गई	का. सहा. (लैब टेक्न.), वि. व. वि., मृदा विज्ञान
2	बैठक में सलाह दी गई कि किसान सारथी पोर्टल में 2 लाख किसानों का डाटा अपलोड किया जाए।	संविदारत कंप्युटर प्रोग्रामर, रिर्पोट प्रभारी

3	बैठक में केन्द्र पर मशरूम स्पॉन उत्पादन लक्ष्य वर्ष 24–25 के लिए 5.0 क्वि तय किया गया।	का. सहा. (लैब टेक्न.), प्रभारी मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई
4	बैठक में सलाह दी गई कि FLD, CFLD और OFT के परिणामों / उपलब्धियों को जिले के सभी कृषि एवं संबंधित विभागों को संक्षिप्त एवं सरल रूप में उपलब्ध कराया जाए।	रिर्पोट प्रभारी
5	केन्द्र की शोध एवं अन्य उपलब्धियों (विज्ञान आधारित) का फ्लेक्स बनाकर केन्द्र के मुख्य द्वार पर लगाने की सलाह दी गई।	का. सहा. (लैब टेक्न.),
6	केन्द्र के भागनबिगहा प्रक्षेत्र में 01 एकड़ क्षेत्र में पीली सरसों लगाने की सलाह दी गई।	प्रक्षेत्र प्रबंधक, प्रक्षेत्र प्रभारी
7	बैठक में केन्द्र के विभिन्न प्रशिक्षणों के लिए जिले के संबंधित विभागों से सहायता लेने की सलाह दी गई।	सभी वि. व. वि.
8	प्रसार कार्यकर्ताओं हेतु विभिन्न प्रशिक्षणों को प्रस्तावित कर जिले के संबंधित विभागों को कम से कम 15 दिन पूर्व अवगत कराया जाए।	सभी वि. व. वि.
9	बैठक में सलाह दी गई कि केन्द्र द्वारा प्रकाशित कृषक समाचार की अगली पत्रिका अंक में विगत 03 महीनों की उपलब्धियॉ एवं आगामी की कार्य योजनाओं को भी शामिल किया जाए साथ ही प्रकाशित कृषक समाचार पत्रिका को जिले के सभी कृषि एवं संबंधित विभागों को उपलब्ध कराया जाए।	रिर्पोट प्रभारी
10	केन्द्र के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर विश्वविद्यालय के किसान का हेल्पलाइन नं. लिखवाने की सलाह दी गई।	प्रक्षेत्र प्रबंधक, प्रक्षेत्र प्रभारी
11	बैठक में यह भी सलाह दी गई कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के रेडियो चैनल एवं कार्यक्रमों की समय सारिणी केन्द्र के सूचना बोर्ड पर लगाया जाए।	संविदारत कंप्यूटर प्रोग्रामर
12	बैठक में यह भी सलाह दी गई कि NICRA परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत गांवो में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए।	वि. व. वि., पशु चिकित्सा विज्ञान
13	बैठक में सलाह दी गई कि केन्द्र की तिमाही प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार कर जिले के सभी कृषि एवं संबंधित विभागों को भेजा जाए।	सभी वि. व. वि.

बैठक के दौरान मंच संचालन का कार्य डा. ज्योति सिन्हा, वि. व. वि., गृह विज्ञान एवं अंत में डा. विद्याशंकर सिन्हा, वि. व. वि., पशु चिकित्सा विज्ञान के द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, हरनौत, नालन्दा